छोटी छोटी बातों पे रोया ना करो | By Amit Kalra Meetu

छोटी छोटी बातों पे रोया ना करो
श्याम पे भरोसा कभी खोया ना करो
दु:ख में उदास कभी होया ना करो
श्याम पे भरोसा कभी खोया ना करो

रोना भी चाहे तो रोने नहीं देता है
तेरी आँखों के आंसू भी श्याम देख लेता है
दर्द को दिल में पिरोया ना करो
श्याम पे भरोसा कभी खोया ना करो

थामा जिसने हाथ तेरा आगे भी निभाएगा
तेरे गिरने से पहले ठोकर से बचाएगा
कल की चिंता माथे पे ढोया ना करो
श्याम पे भरोसा कभी खोया ना करो

साँसों पे बन आये तो रस्ता खो जाता है
पिता बन के ऊँगली थामे तुझको राह दिखाता है
दिल पे बोझ लेके मीतू सोया ना करो
श्याम पे भरोसा कभी खोया ना करो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9b%e0%a5%8b%e0%a4%9f%e0%a5%80-%e0%a4%9b%e0%a5%8b%e0%a4%9f%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be/